Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to include Utkela Airport in 'Udaan scheme and give direct air connectivity from Bhuvaneshwar to Ahmedabad.

श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी): महोदय, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह बहुत पिछड़ा क्षेत्र है । इस विषय पर मैं पहले भी बोल चुका हूं । वहां पर दो बड़ी इंडस्ट्रीज़ लगी हैं - वेदांत लिमिटेड और उत्कल एलूमीना । वहां पर एक उत्केला नाम से एयरपोर्ट भी है, जहां पर रायगढ़ा, नबरंगपुर, कालाहाण्डी, कंधमाल, बोलांगीर और कंधमाल से लोगों का आना-जाना होता है । मेरी मांग है कि उत्केला एयरपोर्ट को 'उड़ान' योजना में शामिल किया जाए ।

महोदय, आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मेरा एक और निवेदन है कि ओडिशा के 6 लाख लोग सूरत में रहते हैं, डेढ़ लाख लोग अहमदाबाद में रहते हैं और डेढ़ लाख लोग पुणे में रहते हैं । वे नौकरीपेशा हैं । वे हवाई जहाज का खर्च उठा सकते हैं । इसलिए भुवनेश्वर से अहमदाबाद, सूरत और पुणे के लिए डायरेक्ट एयर कनेक्टिविटी की व्यवस्था की जाए । आपके माध्यम से मेरा इतना ही निवेदन है ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सप्तगिरी उलाका को श्री बसंत कुमार पांडा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।